**अंतिम अद्यतन: 22 सितंबर, 2022**

**आरईसी लिमिटेड**
(सीआईएन: L40101DL1969GOI005095)

## स्वतंत्र निदेशकों के लिए परिचितीकरण कार्यक्रम

### प्रस्तावना

सेबी (सूचीबद्धता दायित्व और प्रकटीकरण आवश्यकताएं) विनियम, 2015 के विनियम 25 (7) में अन्य बातों के साथ-साथ यह निर्धारित है कि सूचीबद्ध कंपनी को विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से सूचीबद्ध कंपनी में स्वतंत्र निदेशकों की भूमिकाओं, अधिकारों, दायित्वों, उद्योग की प्रकृति और सूचीबद्ध कंपनी के कारोबारिक मॉडल आदि से परिचित करवाया जाएगा।

### प्रयोजन एवं उद्देश्य

परिचितीकरण कार्यक्रम, आरईसी के स्वतंत्र निदेशकों को कंपनी और उसके कारोबार को समझने में सहायता करने के लिए तैयार किया गया है, ताकि वे अपने कर्तव्यों के प्रभावी निर्वहन में सक्षम हो सकें।

### परिचितीकरण प्रक्रिया का संक्षिप्त परिचय

**नियुक्ति के समय**

नियुक्ति के समय, स्वतंत्र निदेशकों को उनकी भूमिका और दायित्वों के बारे में बताया जाता है और उन्हें विद्युत एवं उद्योग के क्षेत्र का संक्षिप्त परिचय देने के साथ-साथ कंपनी के कारोबार, प्रचालनों एवं कारोबारिक मॉडल की जानकारी दी जाती है। नियुक्ति के तुरंत बाद स्वतंत्र निदेशक (कों) को अन्य बातों के साथ-साथ निम्नलिखित दस्तावेजों की प्रतियां भी प्रदान की जाती हैं:

क) कंपनी की वार्षिक रिपोर्ट;

ख) सेबी एलओडीआर विनियम, 2015 और कंपनी अधिनियम, 2013 के अनुसार स्वतंत्र निदेशकों पर लागू स्वतंत्रता के मानदंड।

ग) बोर्ड के सदस्यों के लिए आचार संहिता और नैतिकता, नामित व्यक्तियों और उनके तत्काल संबंधियों द्वारा व्यापार के विनियमन, निगरानी और रिपोर्टिंग के लिए संहिता और निष्पक्ष प्रकटीकरण तथा कंपनी की अन्य प्रासंगिक नीतियों की प्रतियां।

घ) कंपनी अधिनियम 2013 की अनुसूची IV अर्थात स्वतंत्र निदेशकों के लिए संहिता।

**अंतिम अद्यतन: 22 सितंबर, 2022**

**वर्तमान में चल रहे परिचितीकरण मॉड्यूल्स**

कंपनी के साथ परिचितीकरण के लिए नियमित आधार पर निम्नलिखित इनपुट्स प्रदान किए जाते हैं:

क) स्वतंत्र निदेशकों को कंपनी की रणनीति, प्रचालन और कार्यों से परिचित कराने के लिए और उन्हें अच्छी तरह से सूचित समय पर निर्णय लेने और महत्वपूर्ण योगदान देने की स्थिति में सक्षम करने के लिए कंपनी के कारोबार और प्रदर्शन पर प्रस्तुतियां।

ख) कंपनी के प्रत्येक निदेशक के पास कंपनी से संबंधित पूरी जानकारी होती है।

ग) बोर्ड के सदस्यों को नियामक आवश्यकताओं और सेबी एलओडीआर विनियम, कंपनी अधिनियम, 2013 आदि में नए विस्तार के संबंध में तुरंत अद्यतन किया जाता है।

घ) स्वतंत्र निदेशकों को निदेशक मंडल/समिति (यों) की बैठकों के दौरान या अन्यथा कंपनी के प्रबंधन के साथ विचार- विमर्श करने की स्वतंत्रता है।

च) समय-समय पर विभिन्न सेमिनारों, सम्मेलनों, प्रशिक्षण कार्यक्रमों आदि के माध्यम से बोर्ड के सदस्यों को आवश्यकता के आधार पर प्रशिक्षण और परिचितिकरण कराया जाता है।

छ) बोर्ड के सदस्यों को कंपनी से परिचितिकरण के लिए कंपनी को आगे के कार्यक्रम चुनने की सलाह देने के लिए भी प्रोत्साहित किया जाता है।

कंपनी अधिनियम, 2013 के प्रावधानों के अनुपालन में, सेबी एलओडीआर विनियम, 2015 और डीपीई द्वारा जारी सीपीएसई के लिए निगमित सुशासन पर दिशानिर्देश, 2010 के अंतर्गत आरईसी स्वतंत्र निदेशकों के लिए कार्यक्रमों का आयोजक/प्रायोजक है, जिसमें विभिन्न क्षेत्रों को शामिल किया गया है जिसमें कंपनी की कारोबारिक गतिविधियों का अवलोकन और वित्तीय स्थिति, विद्युत क्षेत्र का परिदृश्य और बोर्ड एवं स्वतंत्र निदेशकों की भूमिका और दायित्व शामिल है। हाल के दिनों में स्वतंत्र निदेशकों द्वारा भाग लिए गए ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रमों का विवरण निम्नानुसार है:

**अंतिम अद्यतन: 22 सितंबर, 2022**

| निदेशक का नाम और पदनाम | आयोजित कार्यक्रमों की संख्या | कार्यक्रम की तिथि | कार्यक्रम का विषय | ऐसे कार्यक्रमों में निदेशक द्वारा बिताए गए घंटों की संख्या | संचयी आधार पर निदेशक द्वारा भाग लिए गए कार्यक्रमों की संख्या |
|---|---|---|---|---|---|
| **डॉ. बी. के. कराड** स्वतंत्र निदेशक (17 जुलाई 2018 से 11 मार्च 2020 तक) | डिब्रूगढ़, असम में डीपीई द्वारा एक कार्यक्रम आयोजित किया गया | 17-दिसंबर-2018 से 18-दिसंबर-2018 | कंपनी अधिनियम, 2013 के तहत निदेशकों की भूमिका और दायित्व। | 16 घंटे (दो दिन) | 2 कार्यक्रम (4 दिन) |
| | शिलांग में डीपीई द्वारा एक कार्यक्रम आयोजित किया गया | 27-मई-2019 से 28-मई-2019 | सीपीएसई के गैर-सरकारी निदेशकों के लिए ओरिएंटेशन कार्यक्रम। | 16 घंटे (दो दिन) | |
| **डॉ. गंभीर सिंह** स्वतंत्र निदेशक (15 नवंबर, 2021 से प्रभावी) | आईसीएआई के सहयोग से डीपीई द्वारा एक ऑनलाइन कार्यक्रम आयोजित किया गया | 28-जनवरी-2022 | सीपीएसई के गैर-आधिकारिक (स्वतंत्र) निदेशकों के क्षमता निर्माण के लिए ओरिएंटेशन कार्यक्रम। | 8 घंटे (एक दिन) | 6 कार्यक्रम (5.5 दिन) |
| | आईसीएसआई के सहयोग से डीपीई द्वारा एक ऑनलाइन कार्यक्रम आयोजित किया गया | 15-मार्च-2022 | सीपीएसई के गैर-आधिकारिक (स्वतंत्र) निदेशकों के लिए ओरिएंटेशन कार्यक्रम। | 8 घंटे (एक दिन) | |
| | आरईसी द्वारा एक इन-हाउस कार्यक्रम | 22-मार्च-2022 | आरईसी के कारोबार संचालन पर प्रस्तुति। | 4 घंटे (0.5 दिन) | |
| | डीपीई द्वारा एक ओरिएंटेशन और क्षमता निर्माण सत्र आयोजित किया गया | 13-जुलाई-2022 | निम्न पर ओरिएंटेशन:<br>• इस क्षेत्र के लिए मंत्रालय के लक्ष्य/रणनीति।<br>• उन लक्ष्यों में सीपीएसई की भूमिका<br>• एनओडी से अपेक्षाएं। | 2 घंटे (0.5 दिन) | |
| | आरईसी द्वारा एक इन-हाउस कार्यक्रम | 17-सितंबर-2022 | संसाधन, राज्य क्षेत्र की परियोजनाओं और निजी क्षेत्र की परियोजना प्रबंधन से | 5 घंटे (0.5 दिन) | |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | संबंधित आरईसी के कारोबारिक प्रचलन पर प्रस्तुति। | | |
| | डीपीई द्वारा स्वतंत्र निदेशक के लिए एक ओरिएंटेशन एवं लर्निंग शिखर सम्मेलन आयोजित किया गया | 19-सितंबर-2022 से 20-सितंबर-2022 | निम्न पर ओरिएंटेशन:<br>• बोर्ड सुशासन<br>• बोर्ड और समिति में स्वतंत्र निदेशकों की भूमिका<br>• सीपीएसई के डीपीई दिशानिर्देश और जिम्मेदारपूर्ण कारोबारिक आचरण<br>• बोर्ड की गतिशीलता<br>• प्रभावी निर्णय लेना के लिए वित्त को समझना<br>• जोखिम, अनिश्चितताएं और संकट का प्रबंधन। | 16 घंटे (2 दिन) | |
| **डॉ. मनोज मनोहर पांडे** स्वतंत्र निदेशक (15 नवंबर, 2021 से प्रभावी) | आईसीएआई के सहयोग से डीपीई द्वारा एक ऑनलाइन कार्यक्रम आयोजित किया गया | 28-जनवरी-2022 | सीपीएसई के गैर-आधिकारिक (स्वतंत्र) निदेशकों के क्षमता निर्माण के लिए ओरिएंटेशन कार्यक्रम। | 8 घंटे (एक दिन) | 6 कार्यक्रम (5.5 दिन) |
| | आईसीएसआई के सहयोग से डीपीई द्वारा एक ऑनलाइन कार्यक्रम आयोजित किया गया | 15-मार्च-2022 | सीपीएसई के गैर-आधिकारिक (स्वतंत्र) निदेशकों के लिए ओरिएंटेशन कार्यक्रम। | 8 घंटे (एक दिन) | |
| | आरईसी द्वारा एक इन-हाउस कार्यक्रम | 22-मार्च-2022 | आरईसी के कारोबार प्रचालन पर प्रस्तुति। | 4 घंटे (0.5 दिन) | |
| | डीपीई द्वारा स्वतंत्र निदेशक के लिए एक ओरिएंटेशन एवं लर्निंग शिखर सम्मेलन आयोजित किया गया | 11-जुलाई-2022 से 12-जुलाई-2022 | निम्न पर ओरिएंटेशन:<br>• एक स्वतंत्र निदेशक की विशिष्ट भूमिकाएं और दायित्व।<br>• बोर्ड की बैठकों में | 16 घंटे (2 दिन) | |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | प्रभावशीलता।<br>• बोर्ड की गतिशीलता<br>• प्रभावी निर्णय लेने के लिए वित्त को समझना।<br>• समितियों की भूमिका<br>• निर्णय लेना<br>• मॉक बोर्ड बैठक और अभ्यास। | | |
| | डीपीई द्वारा एक ओरिएंटेशन और क्षमता निर्माण सत्र आयोजित किया गया | 13-जुलाई-2022 | निम्न पर ओरिएंटेशन:<br>• इस क्षेत्र के लिए मंत्रालय के लक्ष्य/रणनीति।<br>• उन लक्ष्यों में सीपीएसई की भूमिका<br>• एनओडी से अपेक्षाएं। | 2 घंटे (0.5 दिन) | |
| | आरईसी द्वारा एक इन-हाउस कार्यक्रम | 17-सितम्बर-2022 | संसाधन, राज्य क्षेत्र की परियोजनाओं और निजी क्षेत्र की परियोजना प्रबंधन से संबंधित आरईसी के कारोबारिक प्रचलन पर प्रस्तुति। | 5 घंटे (0.5 दिन) | |
| **श्रीमती दुर्गेश नंदिनी**<br>स्वतंत्र निदेशक (30 दिसंबर, 2021 से प्रभावी) | आईसीएआई के सहयोग से डीपीई द्वारा एक ऑनलाइन कार्यक्रम आयोजित किया गया | 28-जनवरी-2022 | सीपीएसई के गैर-आधिकारिक (स्वतंत्र) निदेशकों के क्षमता निर्माण के लिए ओरिएंटेशन कार्यक्रम। | 8 घंटे (एक दिन) | 6 कार्यक्रम (5.5 दिन) |
| | आईसीएसआई के सहयोग से डीपीई द्वारा एक ऑनलाइन कार्यक्रम आयोजित किया गया | 15-मार्च-2022 | सीपीएसई के गैर-आधिकारिक (स्वतंत्र) निदेशकों के लिए ओरिएंटेशन कार्यक्रम। | 8 घंटे (एक दिन) | |
| | आरईसी द्वारा एक इन-हाउस कार्यक्रम | 22-मार्च-2022 | आरईसी के कारोबार संचालन पर प्रस्तुति। | 4 घंटे (0.5 दिन) | |
| | डीपीई द्वारा स्वतंत्र | 11-जुलाई- | निम्न पर ओरिएंटेशन: | 16 घंटे | |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | निदेशक के लिए एक ओरिएंटेशन एवं लर्निंग शिखर सम्मेलन आयोजित किया गया | 2022 से 12-जुलाई-2022 | • एक स्वतंत्र निदेशक की विशिष्ट भूमिकाएं और दायित्व।<br>• बोर्ड की बैठकों में प्रभावशीलता।<br>• बोर्ड की गतिशीलता<br>• प्रभावी निर्णय लेने के लिए वित्त को समझना।<br>• समितियों की भूमिका<br>• निर्णय लेना<br>• मॉक बोर्ड बैठक और अभ्यास। | (2 दिन) | |
| | डीपीई द्वारा एक ओरिएंटेशन और क्षमता निर्माण सत्र आयोजित किया गया | 13-जुलाई-2022 | निम्न पर ओरिएंटेशन:<br>• इस क्षेत्र के लिए मंत्रालय के लक्ष्य/रणनीति।<br>• उन लक्ष्यों में सीपीएसई की भूमिका<br>• एनओडी से अपेक्षाएं। | 2 घंटे (0.5 दिन) | |
| | आरईसी द्वारा एक इन-हाउस कार्यक्रम | 17-सितम्बर-2022 | संसाधन, राज्य क्षेत्र की परियोजनाओं और निजी क्षेत्र की परियोजना प्रबंधन से संबंधित आरईसी के कारोबारिक प्रचलन पर प्रस्तुति। | 5 घंटे (0.5 दिन) | |

*****